हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

07 सितम्बर 2024, समय 1810

समाचार

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि अब,टिकट वितरण में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया जायेगा।
- हरियाणा में आज लाडवा एवं पिहोवा विधानसभा और कलायत विधानसभा हलके से एक-एक आजाद उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल किया।
- हरियाणा में उम्मीदवारों की घोषणा के साथ चुनाव प्रचार तेज हुआ । कालका में से बी.जे.पी प्रत्याशी शक्ति रानी शर्मा ने रोड शो निकाला और कांग्रेस विधायक रामकरण काला ने शाहबाद हलके के कई गावों का दौरा किया।
- हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने सभी राजनीतिक दलों से,चुनाव आदर्श आचार सहिता की पूर्ण अनुपालना सुनिश्चित करने का आग्रह किया।
- हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की सहायक सचिव संतोष नरवाल को निलंबित किया गया।

.......................................................................................................

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी में टिकट वितरण के बाद उठे विरोध पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि अब टिकटों में किसी भी प्रकार का बदलाव नहीं किया जाएगा। नाराज

कार्यकर्ताओं को मना लिया जाएगा।रोहतक में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि एक विधानसभा क्षेत्र में पार्टी का टिकट एक ही कार्यकर्ता को दिया जा सकता है। पार्टी ने सोच समझ कर टिकट वितरण किया है। उन्होंने कहा कि टिकट न मिलने पर नाराजगी स्वाभाविक है। उन्होंने यह भी बताया कि बाकी 23 विधानसभा सीटों के लिए टिकट की घोषणा एक दो दिन में हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने हरियाणा में आम आदमी पार्टी के साथ कांग्रेस के संभावित गठबंधन पर भी कटाक्ष किया।वहीं, महिला पहलवान विनेश फौगाट के कांग्रेस में शामिल होने पर उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति का अपना मत होता है। लेकिन कांग्रेस इस बात को स्पष्ट करे कि उसकी मंशा और सोच क्या है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने कभी खिलाड़ियों, कभी किसानों और कभी युवाओं के नाम पर झूठ बोलकर राजनीति की है।

*********************************************************

हरियाणा में गठबंधन के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी ने आज कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन में मिशन और विजन की कमी है।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस-आम आदमी पार्टी के गठबंधन की अटकलों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस, एक- दूसरे के खिलाफ हैं और दिल्ली में वे पहले एक साथ थे। उन्होंने कहा कि अब हरियाणा में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच अनिश्चितता है जो उनकी हताशा को दर्शाती है।

*********************************************************

हरियाणा विधानसभा चुनाव  के लिए नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया के तीसरे दिन कुरुक्षेत्र जिले के लाडवा व पिहोवा विधानसभा हलके से एक-एक आजाद उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र भरा । लाडवा विधानसभा क्षेत्र से गांव बड़ौंदी निवासी रामचंद्र ने व पिहोवा विधानसभा क्षेत्र से गांव इस्माईलाबाद निवासी रजत शर्मा ने आजाद उम्मीदवार के तौर पर नामांकन पत्र दाखिल किए । थानेसर व शाहबाद विधानसभा क्षेत्र से किसी भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। कैथल जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. विवेक भारती ने बताया कि आज कलायत विधानसभा हलके से राजेंद्र ने आजाद उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन भरा। अन्य तीन विधानसभाओं कैथल, पूंडरी व गुहला में कोई भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ। कल अवकाश रहेगा, नामांकन नहीं लिए जाएंगे।

**************************************************************

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ही चुनाव प्रचार तेज हो गया है। कालका विधानसभा  से बी जे पी प्रत्याशी शक्ति रानी शर्मा ने आज पिंजौर के एचएमटी से कालका काली माता मंदिर तक  रोड शो निकाला तथा कालका में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया।पूर्व केंद्रीय मंत्री व जन चेतना पार्टी के अध्यक्ष विनोद शर्मा और राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा भी रोड शो में शामिल हुए। पत्रकारों से बातचीत करते हुए भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी शक्ति रानी ने कहा कि कार्यकर्ताओं को मनाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कालका के लोगों की समस्याओं को जानेंगे और उनका समाधान भी करवाया जाएगा। कांग्रेस से प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के बारे उन्होंने कहा कि अपने प्रतिद्वंद्वी को कभी भी कम नहीं आंकना

चाहिए। वह 11 सितंबर को अपना नामांकन भरेंगी। कुरुक्षेत्र के शाहाबाद हल्के में कांग्रेस व बी जी पी के प्रत्याशियों ने चुनावी अभियान में भाग लिया।शाहाबाद के देवी मंदिर धर्मशाला मे बी जे पी प्रत्याशी सुभाष कलसाना ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया । कांग्रेस से विधायक रामकरण काला ने भी शाहबाद हल्के के कई गांव का दौरा किया।

********************************************************

भिवानी जिला के बवानीखेड़ा विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक चुने जा चुके रामकिशन फौजी ने पार्टी कार्यकर्ताओं की पंचायत का आयोजन कर टिकट कटने पर कल 8 सितंबर को दिल्ली कूच की चेतावनी दी है। बवानीखेड़ा हलके के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच रामकिशन फौजी के पुत्र ने कहा कि 8 सितंबर को दिल्ली चलकर पार्टी आलाकमान के पास रामकिशन फौजी को टिकट दिए जाने की मांग प्रमुखता से रखी जाएगी। इसके लिए उन्होंने कहा कि बवानीखेड़ा विधानसभा क्षेत्र से सोशल मीडिया के माध्यम से यहा पता चला है कि यहां से बाहरी उम्मीदवार के रूप में प्रदीप नरवाल को टिकट दी जा सकती है।

********************************************************

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार राजनीतिक दलों व चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को अपने चुनाव घोषणा पत्र की हिंदी व अंग्रेजी की तीन-तीन प्रतियां, घोषणा पत्र जारी करने की तिथि के 3 दिनों के अंदर मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में जमा करवानी होंगी।श्री अग्रवाल ने कहा कि आदर्श चुनाव आचार संहिता के अनुसार चुनाव घोषणा पत्र में पारदर्शिता, समान अवसर और वादों की विश्वसनीयता के हित में, यह अपेक्षा की जाती है कि घोषणापत्र वादों के औचित्य को भी प्रतिबिंबित

करे और मुख्य रूप से इसके लिए वित्तीय आवश्यकता को पूरा करने के तरीकों और साधनों को रेखांकित करे। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से आग्रह किया है कि चुनाव आयोग द्वारा जारी आदर्श चुनाव आचार संहिता के सभी पहलुओं का गहनता से अध्ययन करें और चुनाव के दौरान इसकी पूर्ण अनुपालना सुनिश्चित करें ।

*****************************************************

भिवानी स्थित हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की सहायक सचिव संतोष नरवाल को निलंबित कर दिया गया है। शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. वी पी यादव ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि अब वे बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के कहीं नहीं जा सकती और मुख्यालय उप सचिव जगदीश सैनी के कार्यालय के अधीन रहेंगी।श्री यादव ने बताया कि संतोष नरवाल की पदोन्नति 2021 में हुई थी। करीब एक साल पहले सीएम विंडो पर उनके खिलाफ शिकायत आई थी कि संतोष नरवाल ने अपनी पदोन्नति पाने के लिए गलत तथ्यों का इस्तेमाल किया है। शिकायत की जांच कानून अनुसार सेवामुक्त सत्र न्यायाधीश से कराई गई। जांच में शिकायत सही पाई गई। इस को ध्यान में रखते हुए उन्हें निलंबित किया गया है।

*****************************************************

भिवानी  में आज महान स्वतंत्रता सेनानी, प्रमुख किसान नेता व हरियाणा केसरी पंडित नेकीराम शर्मा को उनकी 137वीं जयंती पर  याद किया गया। पंडित नेकीराम शर्मा स्मृति ट्रस्ट की तरफ से प्रात: उनकी याद में पंडित नेकीराम शर्मा चौक में स्थापित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। पंडित होमरूल आंदोलन में गिरफ्तारी देने वाले पहले उत्तर भारतीय थे। वह  अंग्रेजीं  साम्राज्यवाद के दमन का

मुकाबला करते हुए  लगभग 2200 दिन जेलों में रहे और विभिन्न आंदोलन में भाग लिया ।

उन्होंने पुराने जिला हिसार इलाके में किसान सभा का गठन करके हांसी के 20 गांव के मुजारे किसानों को जमीन के स्थायी अधिकार दिलवाए थे। भाखड़ा बांध बनवाने में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा ।  उन्होंने सत्ता की राजनीति नहीं की व आजादी के बाद सरकार द्वारा दी जाने वाली पैंशन भी नहीं ली ।

********************************************************

आज यूथ रेड क्रॉस, राष्ट्रीय सेवा योजना , एन सी सी ने  रोटरी क्लब अंबाला और पी जी आई चंडीगढ़ के सहयोग से अंबाला छावनी के सनातन धर्म कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया । शिविर में 93 यूनिट रक्त दान किया गया ।शिविर में 32 लड़कियों ने भी रक्तदान किया

कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेंद्र  सिंह ने रक्तदान के लिए विद्यार्थियों के उत्साह की प्रशंसा करते हुए  सनातन धर्म कॉलेज द्वारा रक्तदान के क्षेत्र में दिए गए योगदान की परंपरा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सनातन धर्म कॉलेज पहले भी रक्तदान के लिए पी जी आई व हरियाणा सरकार द्वारा सम्मानित हो चुका है।

********************************************************

पेरिस पैरालम्पिक खेलों में भारतीय एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 27 पदक जीते हैं। इनमें छह स्वर्ण, नौ रजत और बारह कांस्य पदक शामिल हैं। खेलों के अंतिम दो दिनों में भारतीय खिलाड़ी पदकों की संख्या तीस तक पहुंचाने का भरसक प्रयास करेंगे। शीर्ष धावक सिमरन महिलाओं की दो सौ मीटर टी- 12 फाइनल, दिलीप गावित

पुरुषों के चार सौ मीटर टी- 47 फाइनल और नवदीप पुरुषों की भाला फेंक एफ-41 स्पर्धा के फाइनल में भाग लेंगे।